दिन– गुरूवार

दिनांक– 07 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– किसानों का कल्याण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता। किसानों की आय बढाने के लिए सरकार संकल्पित।

02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।

03. उप–राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज से शुरू। इच्छुक उम्मीदवार इक्कीस अगस्त तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

04. और, गंगा, सोन और बागमती नदी के जलस्तर में हो रही लगातार वृद्धि से तटवर्ती इलाके बाढ़ की चपेट में

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर लागत कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि राष्ट्र की प्रगति का आधार किसानों की शक्ति है।

–––बाइट–––

हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों के, पशुपालकों के और मछुआरे भाई–बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मैं जानता हूं व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं।

श्री मोदी ने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन ने भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के आंदोलन का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुग्ध, दाल और जूट के उत्पादन में विश्व में नंबर एक है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष देश में अब तक का सबसे अधिक अन्न उत्पादन हुआ। श्री मोदी ने कहा कि डॉ० स्वामीनाथन ने जैव खुशहाली का मंत्र दिया।

–––बाइट–––

डॉ. स्वामीनाथन ने एक कदम आगे बढ़ते हुए बायो हैप्पीनैस का आइडिया दिया। डॉ. स्वामीनाथन कहते थे कि बायोडायवर्सिटी की ताकत से हम स्थानीय लोगों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। लोकल रिसोर्सिस के इस्तेमाल से लोगों के लिए आजीविका के नए साधन बना सकते हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, भगीरथ चौधरी ने कहा कि दो हजार चौदह से प्रधानमंत्री मोदी लगातार देश के किसानों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।

———बाइट———

चाहे किसान सम्मानिधि देने की बात हो, चाहे एमएसपी बढ़ाने की बात हो, चाहे कृषि बजट को पांच गुना बढ़ाने की बात हो, चाहे जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात हो। अनेक उपाय किए जा रहे हैं और प्रधानमंत्री जी का सपना है कि इस देश के किसानों की आमदनी दोगुनी हो।

---

निर्वाचन आयोग ने आज उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अधिसूचना जारी कर दी। हमारे संवाददाता ने बताया है कि उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन इक्कीस अगस्त तक दाखिल किए जा सकते हैं और मतदान नौ सितंबर को होंगे।

———बाइट———

पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह चुनाव आवश्यक हो गया है। यह 17वाँ उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। अधिसूचना के अनुसार, इच्छुक उम्मीदवार इस महीने की 21 तारीख तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 22 अगस्त को होगी, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि इस महीने की 25 तारीख होगी। मतगणना नौ सितंबर को होगी। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

संसद में बिहार के मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही आज भी बाधित हुई।

पीठासीन अधिकारी ने शून्यकाल चलाने का प्रयास किया, लेकिन विपक्षी सदस्यों ने विशेष गहन पुनरीक्षण मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी।

———बाइट———

इधर, राज्यसभा में भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित हुआ। उपसभापति हरिवंश ने कहा कि राज्यसभा की कार्यवाही में लगातार बाधा से इक्यावन घंटे से अधिक का समय बर्बाद हो गया हैं।

———बाइट———

हमारे पास एक सौ 80 स्पेशल मेनशन सीरिज करने का मौका था, लेकिन लगातार व्यवधान के कारण हम केवल 13 स्टार्ट क्वशन्स, पांच जीरो आवर एक्स सबमिशन्स और 17 स्पेशल मेनशन्स ही ले पाए। व्यवधान के कारण इस सत्र में अभी तक 51 घंटे तीस मिनट हम गंवा चुके हैं। हमारी जिम्मेदारी देश की जनता के प्रति है। आप हाउस का आर्डर बनाए रखें, मैं आपको बोलने का मौका दूंगा।

---

जनता दल यूनाइटेड के राज्यसभा सांसद संजय झा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण—एसआईआर कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर का काम बखूबी किया है। श्री झा ने बताया कि आयोग ने आपत्तियाँ भी माँगी हैं, लेकिन अभी तक किसी भी दल ने आयोग से संपर्क नहीं किया है।

———बाइट———

93 पर्सेंट लोगों ने एप्लाई कर दिया। सात पर्सेंट लोग जो नहीं किए, उसका भी डिटेल इलेक्शन कमीशन ने दे दिया। इलेक्शन कमीशन ने यहां तक कहा कि भई अगर ऑब्जेक्शन है, एक महीने का समय है आप आकर के कागज दिखाइए, उसको ठीक किया जाएगा, अगर सही होता तो। बिहार में जो विपक्ष के नेता हैं, दिखाएं कि हमारा वोटर लिस्ट में नाम नहीं। इलेक्शन कमीशन ने कागज दिखा दिया कि आपका नाम है, पता चला कि वो दूसरा एपिक दिखा रहे थे।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में उन्होंने तीन सदस्यीय आंतरिक जाँच समिति के निष्कर्ष वाले उस प्रस्ताव को चुनौती दी थी जिसमें उन्हें हटाने की सिफारिश की गई थी। शीर्ष न्यायालय की पीठ ने कहा कि उनकी याचिका विचारणीय नहीं है। तत्कालीन दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा चौदह मार्च को दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास पर जली हुई नकदी मिलने के बाद जांच के दायरे में आ गए थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अंतर जिला स्थानांतरण के इच्छुक शिक्षकों को बड़ी राहत देते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनकी पसंद के तीन जिलों में से किसी एक में स्थानांतरण की सुविधा देने की घोषणा की है। शिक्षक लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। श्री कुमार ने आज सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया कि विकल्प प्राप्त होने के बाद शिक्षकों का उन्हीं जिलों में पदस्थापन किया जाएगा। जिलों के अंदर पदस्थापन का कार्य जिला पदाधिकारी की समिति करेगी।

---

सरकार ने नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे जागरुकता बढ़ाने से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने कहा कि यह प्रतियोगिता, मेरा युवा भारत पहल के अंतर्गत आयोजित की जा रही है और नागरिक, माय भारत पोर्टल पर क्विज़ में भाग ले सकते हैं।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर के निर्माण का शिलान्यास करेंगे। उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी समारोह में शामिल होंगें। एक सौ पच्चीस करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मंदिर का निर्माण कार्य दो हजार अट्‌ठाईस तक पूरा कर लिया जाएगा। मंदिर परिसर के विकास के लिए पचास एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। राज्य सरकार ने मंदिर और परिसर के विकास के लिए आठ सौ बयासी करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी

है। इस दौरान श्री शाह सीतामढ़ी–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ भी करेंगे। इस बीच, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने पुनौरा धाम रेलवे स्टेशन बनाने के लिए रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा है।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि पुनौरा धाम में बनने वाला मंदिर न केवल श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख धार्मिक केन्द्र बनेगा बल्कि मिथिला की सांस्कृतिक विरासत को भी वैश्विक पहचान दिलाएगा।

———बाइट———

---

मानूसन की सक्रियता के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर और दक्षिण–पश्चिम भाग के कुछ जिलो में मेघगर्जन के साथ भारी बारिश की संभावना है। वहीं राज्य के उत्तरी और दक्षिणी भागों में मेघगर्जन के साथ तेज हवा तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा चल सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के पूर्वानुमान के अनुसार कल  पूर्णियां, कटिहार, अररिया, किशनगंज जिलों में अति भारी बारिश की संभावना है।

———बाइट———

---

पड़ोसी राज्यों के साथ ही राज्य के विभिन्न भागों में बारिश के कारण गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती समेत सभी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी बक्सर, पटना, मुंगेर और भागलपुर में विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

कोसी बराज से पानी छोड़े जाने के कारण निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे जिले के दियारा और तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

———बाइट———

कोसी बराज से छोड़े गए पानी से जिले के सलखुआ प्रखंड के तटबंध के भीतर चानन, अलानी, साम्हरखुर्द पंचायत के विभिन्न निचले इलाको में बाढ़ का पानी फैलने लगा है। सलखुआ प्रखंड के पूर्वी कोसी तटबंध के भीतर दियारा क्षेत्र के कई विद्यालय परिसर में पानी प्रवेश कर गया है जिससे स्कूली बच्चों के साथ–साथ शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तटवर्ती इलाकों में अधिक पानी आ जाने के कारण लोगों की आवाजाही प्रभावित है। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

गंगा और कोसी नदी में आए उफान से कटिहार जिले के कुरसेला प्रखंड में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। इससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों की समस्याए बढ़ गई हैं। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

कटिहार जिले में गंगा, कोसी, कारी कोसी और बरंडी नदी का जलस्तर जहां एक ओर बढ रहा है, वहीं महानंदा के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है। इन नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब डेढ़ फीट ऊपर बना हुआ है। गंगा और कोसी नदी में आए उफान से कुरसेला प्रखंड में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। इन इलाकों में लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। पानी आ जाने के बाद आवागमन बाधित है। कुरसेला प्रखंड के मलिनिया मिर्जापुर के दर्जनों घरों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिससे लोग ऊंचे और सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। इधर, बाघ्झमारा, पंचकुटी, पत्थर टोला और खेरिया जनोन वाली सड़क भी जममग्न है। इन सड़को पर करीब तीन से चार फीट पानी बह रहा है। धान की फसल को काफी नुकसान हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

मुंगेर जिले में गंगा के जलस्तर में वृद्धि के कारण निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके कारण लोगों का पलायान शुरू हो गया है।

———बाइट———

गंगा का जलस्तार खतरे के निशान को पार करने के बाद तटवर्ती इलाकों मे बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। सदर प्रखंड के गंगा पार जाफरनगर पंचायत के सीताचारण गांव के लोगों का पलायान शुरू हो गया है। प्रभावित लोग ऊंचे स्थानों पर शरण लिये हुए है। कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है, जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

सुपौल जिले के भीमनगर स्थित कोसी बराज से आज शाम चार बजे एक लाख बत्तीस हजार पच्चीस क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाइट–––

भीमनगर स्थित कोसी बराज से आज शाम चार बजे तक एक लाख 32 हजार 25 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया। जबकि कल इस समय कोसी बराज से एक लाख 71 हजार 640 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया था। कोसी बराज कंट्रोल रूम के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोसी नदी के डिस्चार्ज में कमी आई है। इधर नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र बाराह से 93 हजार 425 क्यूसेक पानी घटते क्रम में छोड़ा गया है। जल संसाधन की टीम हालात पर नजर बनाए हुए हैं। अभियंताओं द्वारा लगातार तटबंधों की निगरानी की जा रही है।आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– किसानों का कल्याण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता। किसानों की आय बढाने के लिए सरकार संकल्पित।
02. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में माता जानकी मंदिर के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।
03. उप–राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आज से शुरू। इच्छुक उम्मीदवार इक्कीस अगस्त तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।
04. और, गंगा, सोन और बागमती नदी के जलस्तर में हो रही लगातार वृद्धि से तटवर्ती इलाके बाढ़ की चपेट में

---

समाप्त